कार्यालय जनपद न्यायाधीश, औरैया

(प्रशासनिक अनुभाग)

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या– 14/एडमिन डी सैक्शन दिनांकित 15.10.2022 के द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या– 41/एडमिन डी सैक्शन दिनांकित 14.04.1980 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान औरैया से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिकानुसार रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि पूर्व में समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) तक की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बंधित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेंगें।

पुनर्नियुक्ति 65 वर्ष की अवस्था प्राप्त करने अथवा धारित पद माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार भरे जाने, जो भी पहले हो तक ही मान्य रहेगी।

इस सम्बंध में पूर्व में कार्यालय जनपद न्यायाधीश औरैया, प्रशासनिक अनुभाग से दिनांक 14.11.2022, 28.11.2022, 10.01.2023 एवं 17.02.2023 को विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी इस क्रम में जनपद न्यायालय औरैया में इस विज्ञप्ति से सम्बंधित अभी तक 01 आवेदन प्राप्त हुआ है। अतः आवेदन हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाते हुये आवेदक अपना आवेदन, आयु प्रमाण पत्र व स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 15.04.2023 की सायं 04.00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुये आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

जनपद न्यायालय औरैया में पुनर्नियुक्ति हेतु रिक्त पदों की विवरणीः–

क्रम संख्या	पदनाम	रिक्त पद	मानदेय
01	वरिष्ठ सहायक	30	Principal of last pay drawn minus amount of pension

विज्ञप्ति सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, औरैया को आदेशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय औरैया, की वेबसाईट एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

जिला सूचना अधिकारी, औरैया को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

(हस्ताक्षर)
जनपद न्यायाधीश,
औरैया।
03/4/23

-: आवेदन प्रारूप:-

आवेदन कर्ता का नवीनतम पासपोर्ट साइज स्वप्रमाणित फोटोग्राफ

1. आवेदित पद का नाम – ....

2. नाम– ....

3. पिता का नाम– ....

4. निवास का स्थायी पता– ....

5. मोबाइल नं०– ....6.ई–मेल–आईडी ....
7. शैक्षिक योग्यता –

क्रमांक	परीक्षा का नाम	वर्ष	विषय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत

8. अंतिम धारित पद का नाम (जिस पद से सेवा निवृत्त हुए है)–

9. सेवा–निवृत्ति की तिथि – माह व वर्ष
10. अंतिम धारित पद पर आहरित अंतिम वेतन –
(अंतिम वेतन प्रमाण पत्र और अंतिम पेंशन प्रमाण पत्र संलग्न करें)

11. पिछले पांच साल के ए०सी०आर० की सेल्फ अटेस्ट फोटोकापी –
(केवल उन कर्मचारियों के लिये जो औरैया के अलावा अन्य जिला न्यायालय से है)

12. जनपद न्यायालय का नाम व पूरा पता (जहां से सेवा निवृत्त हुए है)–

घोषणा

एतद्द्वारा मैं .... पुत्र/पुत्री.......................................
निवासी–.. प्रमाणित करता हूँ कि आवेदन में अंकित विवरण मेरे निजी ज्ञान में सही हैं, मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूँ तथा कार्य करने में सक्षम हूँ। मेरे विरुद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लम्बित एवं पंजीकृत नहीं है। यदि भविष्य में मेरे द्वारा भरी गयी सूचनायें असत्य पायी जाती है तो उस स्थिति में मेरा आवेदन/नियुक्ति को बिना किसी सूचना/नोटिस के निरस्त करते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवही किये जाने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

स्थान–

दिनांक– आवेदक के पूर्ण एवं पठनीय हस्ताक्षर